भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2833

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

इलेक्ट्रिक/हाइब्रिड ट्रैक्टरों का विनिर्माण

2833. श्री अनूप संजय धोत्रेः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इलेक्ट्रिक या हाइब्रिड ट्रैक्टर के विनिर्माण की योजना बना रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने हाइब्रिड कृषि ट्रैक्टरों और पूर्णत: इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टरों की इलेक्ट्रिक पावर ट्रेनों के संबंध में सुरक्षा अपेक्षाओं को समाहित करने हेतु नया नियम 125जे अंत:स्थापित करने के लिए केंद्रीय मोटर यान नियमावली 1989 में दिनांक 25 मई 2021 के सा.का.नि. 342(अ) के तहत संशोधन किया है इससे इलेक्ट्रिक ट्रैक्टरों का निर्माण सुलभ होगा और एक सक्षम परितंत्र का निर्माण होगा।

****